


नवभारत
इंदौर, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026




### एक नजर में

## आयुष्मान आरोग्य अभियान अंतर्गत दाउदखेड़ी में लगा सात दिवसीय स्वास्थ्य शिविर



**मंदसौर।** सात दिवसीय आयुष्मान आरोग्य अभियान के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत दाउदखेड़ी, जिला मंदसौर में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर हाई रिस्क क्षेत्रों के निवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा टीबी (क्षय रोग) जैसी गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान सुनिश्चित करना था। स्वास्थ्य विभाग के अक्काङ्क अजय पाण्डेय ने उपस्थित जनसमुदाय को टीबी रोग के लक्षणों एवं उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगातार खांसी, भूख न लगना, वजन कम होना, रात में पसीना आना और बुखार टीबी के प्रमुख संकेत हो सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि समय पर जांच और 6 माह के नियमित उपचार से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है।

## गौशाला में संगिनी फोरम ने जीव सेवा प्रकल्प आयोजित कर किया नवीन सत्र का शुभारंभ



**मन्दसौर।** जैन सोश्यल ग्रुप संगिनी फोरम 'मेन' मन्दसौर द्वारा परोपकार और सेवा की गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए श्री गोपाल कृष्ण गौशाला में जीव सेवा के साथ नवीन सत्र का मंगल शुभारंभ किया गया। इस पुनीत आयोजन के अंतर्गत मूक पशुओं के प्रति करुणा का भाव प्रकट करते हुए गौशाला में गायों को हरा घास और विशेष पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। सेवा का यह अनुपम कार्य लाभार्थी परिवार श्रीमती अनीता यशपाल बाफना परिवार के सौजन्य से संपन्न हुआ, जिन्होंने अपनी उदारता से इस आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जैन सोशल ग्रुप 'मेन' के अध्यक्ष राजेंद्र नाहर, कार्यक्रम संयोजक संजय लो?ा, पूर्व अध्यक्ष यशपाल बाफना और संगिनी फोरम की संस्थापक अध्यक्ष अनीता बाफना विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित अतिथियों और सदस्यों ने मिलकर गौ-सेवा की और समाज में जीव दया का संदेश प्रसारित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अबोल जीवों की सेवा करना सबसे ब?ा पुण्य का कार्य है और नए वर्ष की शुरुआत इस तरह के सात्विक कार्यों से करना अत्यंत सौभाग्य की बात है। संगिनी फोरम की अध्यक्ष रजनी पंचोली, सचिव मनीषा गर्ग, दीपा जैन, टीना हिंग?, प्राची जैन, रक्षा कियावत, अंजली मेहता, अंजू मेहता, शीला लो?ा, महिमा पोरवाल, प्रीति जैन, रंजना जैन, अंजली गर्ग, शिखा कियावत, नीतू पाटनी, मीना सुराना, सोनू जैन, मीना गोदावत सहित ब?ी संख्या में संगिनी सदस्या उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन श्वेता अग्रवाल ने किया एवं अंत में आभार सचिव मनीषा गर्ग ने माना।

## राहगीर अभियान के तहत ग्राम सानड़ा में शासकीय रास्तों का किया निरीक्षण

▸ **अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश**



**मंदसौर। जिले के गरोठ उपखंड में संचालित राहगीर अभियान के अंतर्गत आज ग्राम सानड़ा में शासकीय रास्तों का निरीक्षण किया गया।**

इस दौरान गरोठ एसडीएम राहुल चौहान ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

एसडीएम चौहान ने बताया कि गरोठ उपखंड की तहसील गरोठ, शामगढ़ एवं भानपुरा के सभी ग्रामों में रास्तों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण हेतु यह विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत शासकीय रास्तों एवं विभिन्न विभागों द्वारा निर्मित सड़कों से अतिक्रमण हटाने, राजस्व नक्शों में रास्तों का चिन्हांकन करने तथा खसरों में आवश्यक अद्यतन कार्य किए जा रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियान जनभागीदारी के आधार पर संचालित किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अभियान 7 अप्रैल से प्रारंभ होकर 15 मई तक जारी रहेगा। प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे शासकीय रास्तों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने में सहयोग करें, ताकि आवागमन सुगम एवं सुरक्षित हो सके।

## वासुपूज्य जिनालय के शिलापूजन की स्वीकृति



**पिपलियामंडी। भागदौड़ और तनाव भरी जीवनशैली में मंदिर ही वह स्थान हैं, जहां व्यक्ति को आत्मिक शांति और सुकून प्राप्त होता है। मंदिर न केवल आस्था के केंद्र होते हैं, बल्कि वे हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देते हैं। यह विचार साध्वी उपेन्द्रयशा ने मंदसौर में प्रस्तावित वासुपूज्य जिनालय के शिलापूजन की स्वीकृति प्रदान करते हुए व्यक्त किए।**

जानकारी के अनुसार, मंदसौर से दिलीप डांगी के नेतृत्व में ट्रस्ट मंडल के सदस्य बही पार्श्वनाथ तीर्थ पहुंचे थे, जहां उन्होंने शिलापूजन की अनुमति के लिए निवेदन प्रस्तुत किया। साध्वी उपेन्द्रयशा ने इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए शिलापूजन की स्वीकृति प्रदान की। तीर्थ अध्यक्ष अशोक कुमठ ने बताया कि यह भव्य जैन मंदिर मंदसौर के आनंद विहार कॉलोनी में निर्मित किया जाएगा।

मंदिर निर्माण के लिए भूमि मोहनबाई मेघनानी (फरूटवाला) परिवार द्वारा स्वेच्छा से दान स्वरूप उपलब्ध कराई गई है, जो समाजसेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल है। मंदिर के निर्माण संबंधी जानकारी देते हुए दिलीप डांगी ने बताया कि यह जिनालय आचार्य निपुणरत्नविजय मसा के मार्गदर्शन और निश्रा में साकार होगा। लगभग 1500 वर्ग फीट क्षेत्र में बनने वाले इस मंदिर में भगवान वासुपूज्य स्वामी मूलनायक के रूप में विराजमान होंगे। संपूर्ण मंदिर श्वेत संगमरमर से निर्मित किया जाएगा, जो इसकी भव्यता और आध्यात्मिक गरिमा को और अधिक ब?ाएगा। मंदसौर नगर में यह 24 वां जैन मंदिर होगा, जिससे क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा। इस अवसर पर ट्रस्ट मंडल के प्रीतम जैन पचोरी, दिलीप तितरोदिया, आशीष गुरेचा, सुनील जैन, सुनील बच्छावत सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।



## संतूर वादन के साथ बच्चों ने सीखा मेडिटेशन

**मंदसौर। स्पिक मैके द्वारा आयोजित विरासत श्रृंखला के पहले लेक्चर- डिमॉन्स्ट्रेशन कार्यक्रम में बच्चों ने संतूर वादन के साथ मेडिटेशन भी सीखा जो एक अभिनव प्रयोग था।**

वात्सल्य पब्लिक स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में ख्यात संतूर वादिका डॉ.वर्षा अग्रवाल के साथ पं.ललित महंत ने तबले पर जुगलबंदी करते हुए राग चारुकेशी में जोड़,आलाप और झाला बजाकर विद्यार्थियों का मन मोह लिया। इसके पश्चात चारुकेशी में ही विलम्बित गत, मध्य गत, झपताल एवं द्रुतगत में सवाल -जवाब बजाकर समापन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं कलाकार द्वय के स्वागत से हुआ।

विद्यालय प्रबंधन की ओर से सोनी ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्राचार्य अविनाश श्रीवास्तव ने कलाकार द्वय एवं स्पिक मैके जिला समन्वयक श्रीमती चन्दा डांगी और कोऑर्डिनेटर अजय डांगी का आभार व्यक्त किया।

विरासत श्रृंखला की अगला लेक -डेम आज सुबह साढ़े आठ बजे करणी इंटरनेशनल स्कूल एवं साढ़े ग्यारह बजे स्प्रिंग वुड स्कूल, नीमच में आयोजित होगी।

### एक नजर ▸ शिक्षक एकता की मिसाल बना पीएमयूएमएस

## 5 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को प्रदान की आर्थिक सहायता

**मन्दसौर। मध्यप्रदेश स्तर पर नवनिर्मित शिक्षक संघ पीएमयूएमएस (प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ) ने शिक्षक समुदाय के बीच संवेदनशीलता, एकता और अटूट विश्वास की एक अनुपम मिसाल पेश की है।**

संगठन के जिला अध्यक्ष श्री गोविन्दराम गेहलोत (माध्यमिक शिक्षक, शा. हाईस्कूल आकोदडा, जिला-मन्दसौर) ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ का मुख्य उद्देश्य असमय दिवंगत होने वाले शिक्षक-शिक्षिका साथियों के परिवारों को संबल प्रदान करना है। इसी क?ी में पीएमयूएमएस कर्मचारी कल्याण कोष के माध्यम से धार जिले के दो दिवंगत साथियों के परिवारों के लिए 18 मार्च 2026 से 15 अप्रैल 2026 की रात्रि 12 बजे तक चलाई गई विशेष सहयोग प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई है।

> **▸ नॉमिनी के खातों में की गई राशि जमा**
>
> इस मुहिम के अंतर्गत प्रदेश के पंजीकृत शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से सीधे नॉमिनी के खातों में सहयोग राशि जमा की गई। इसके तहत दिवंगत महेंद्र मुवेल के परिवार को 24 लाख रुपये तथा दिवंगत रेवाराम जी अलोने के परिवार को 28 लाख 78 हजार रुपये की सहायता प्रदान की गई है। संगठन के लिए यह एक अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है कि अब तक प्रदेश में कुल 5 दिवंगत साथियों के परिवारों को सामूहिक रूप से 1 करो? 64 लाख 78 हजार रुपये की ब?ी आर्थिक मदद पहुँचाई जा चुकी है, जो कर्मचारियों के इतिहास में अब तक की सबसे ब?ी और प्रेरणादायक सहायता मानी जा रही है।

जिला अध्यक्ष गेहलोत ने इस पुनीत कार्य में संगठन के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के समर्पण की सराहना की। इस पूरी प्रक्रिया में संभागीय संगठन मंत्री विनोद कुमार राठौर, संभागीय सचिव बालचन्द राठौर, संभागीय सचिव फूलचंद गुर्जर, जिला प्रवक्ता लक्ष्मीनारायण पाटीदार, जिला महासचिव दिनेश कुमार राठौर, जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा श्रीमती रेणुका आचार्य, जिला प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी पाटीदार, आईटी सेल प्रभारी राधेश्याम रांघोठा और उपाध्यक्ष रामप्रसाद कुमावत, अखिलेश चन्द्रावत, हरीश खिचावत, सुरेन्द्र कुमार पाटीदार, लखन पुरोहित तथा ब्लॉक अध्यक्षों में जितेन्द्र कुमार ठाकुर, अरुण पाटीदार, पंकज मण्डलोई, राजाराम जोशी एवं मुकेश कुमार राठौर सहित जिले व ब्लॉक के समस्त पदाधिकारियों ने सराहनीय सक्रियता दिखाई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी आनन्द आंजना द्वारा प्रदान की गई है।

# नीमच

### एक नजर में

## आदित्य बिड़ला हायर सेकंडरी स्कूल के परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**खोर।** विक्रम नगर, खोर स्थित आदित्य बिड़ला हायर सेकेंडरी स्कूल ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर एक बार फिर उत्कृष्टता का परिचय दिया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक हासिल किए। कक्षा 12वीं में भेरूलाल धाकड़ ने 92% अंक प्राप्त कर प्रथम, कुमारी अंजली धाकड़ ने 90 .40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं कविता गायरी ने 87% अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं (हाई स्कूल) परीक्षा में अभिषेक ने 94 .2% अंक प्राप्त कर प्रथम, शिवानी प्रसाद ने 93 .8% अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं अजीत सिंह ने 93 .4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्या एवं शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों कि इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्राचार्य सुश्री रिंकू बनर्जी ने विद्यार्थियों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि का श्रेय प्रबंधन के सकारात्मक सहयोग, एवं विद्यालय की नवाचारपूर्ण शैक्षणिक गतिविधियों को दिया है।

## सरस्वती शिशु मंदिर सिंगोली का बोर्ड परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा



**सिंगोली।** नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था सरस्वती शिशु मंदिर सिंगोली का माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित वर्ष 2026 का 10वी एवम् 12 वी बोर्ड का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा। कक्षा 12वी में कला संकाय की बहिन संजना धाकड़ ने 500 में से 470 अंक प्राप्त कर सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त करते हुए नीमच जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वी में विज्ञान संकाय (गणित) बहिन वर्षा धाकड़ ने में 500 में से 474 अंक प्राप्त कर सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त करते हुए सिंगोली नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वी कला संकाय में सिंकु धाकड़ ने 92 .%, सुनिता धाकड़ 90 .8% नेहा धाकड़ 89 .4%, प्रतिज्ञा धाकड़ 88 .6%, आरती धाकड़ 85 .2% अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वी विज्ञान संकाय में नवीका जैन 92%, यशोदा धाकड़ 81 .4% मुस्कान धाकड़ 80 .6% अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वी वाणिज्य संकाय में आशिष धाकड़ 88 .2%, कुश धाकड़ 88% अंकप्राप्त किए। कक्षा 12वी कृषि संकाय में लोकेश धाकड़ 89 .2%, राहुल गुर्जर 88 .2%, स्नेहा धाकड़ 82 .4%, राहुल धाकड़ 82%, अंक प्राप्त किये शासन की योजनानुसार 38 भैया/बहिनों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त कर लैपटॉप योजना में अपना नाम दर्ज कराया। हाई स्कूल 10वी बोर्ड परीक्षा में वंदना धाकड़ ने 500 में से 478 अंक प्राप्त कर 95 .6% अंक से साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार ललीत कुमार 92 .4%, देवांश कुमार 92 .4% आरती धाकड़ 91 .4% निलेश धाकड़ 90 .8%, जितेश विश्नोई 90 .6%, गौतम धाकड़ 90 .2%, नरेश माली 90% अंकों के साथ श्रेष्ठ स्थान पर रहे। श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर विद्यालय के प्राचार्य धरमचंद गेहलोत एवं विद्यालय का संचालन करने वाली केशव शिक्षण समिति, विद्यालय परिवार ने सभी भैया बहनों को हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जेल बंदिया को अखंड ज्योति और मंत्र लेखन सामग्री वितरण की



**जावद।** स्थानीय नीमच रोड स्थित उप जेल परिसर में गायत्री परिवार द्वारा संस्कृति पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ वैदिक मंत्रोच्चार एवं प्रेरणादाई गीत संगीत के माध्यम से संपन्न करवाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में गायत्री परिवार से युवा अशोक धाकड़, दीपक अहीर ने गुरु ईश वंदना से 'होता है सारे विश्व का कल्याण यज्ञ से 'प्रेरणादाई गीत संगीत के माध्यम से वातावरण को सरस बनाते हुए शटकर्म, देव आवाहन, देव पूजन कर सबके कल्याण की भावना से स्वस्तिवाचन मंत्रों का पाठ किया गया।

इस अवसर पर नीमच गायत्री शक्तिपीठ के वरिष्ठतम सदस्य प्रभु लाल धाकड़ ने उपस्थित सभी याजको को यज्ञ के महत्व को बताते हुए कहा कि समाज में यज्ञ एवं संस्कारों के विलुप्त होने के कारण ही समाज में दूषित वातावरण एवं अपराधिक गतिविधियां की वृद्धि हुई है, यज्ञ हमारे स्थूल सूक्ष्म एवं कारण शरीर में सकारात्मक बदलाव लाता है, वही संपूर्ण प्रकृति को भी पोषित करता है। जेल अधिकारी सहित बड़ी संख्या में बंदियों ने सबके कल्याण की भावना से गायत्रीमंत्र, नवग्रह देवता, सोढश मातरिका एवं महामृत्युंजय मंत्र की आहुतियां देते हुए पूर्णाहुति संपन्न की,। इस अवसर पर सब जेल परिसर में सद वाक्य लेखन, बंदियों को अखंड ज्योति ,गायत्री मंत्र लेखन के लिए पुस्तकें तथा पेन वितरित किए गए। कार्यक्रम की संयोजिका मंजुला शर्मा ने बताया कि युग ऋषि के संकल्प ' धरती पर स्वर्ग एवं मानव में देवत्व 'को पूरा करने के लिए समाज के विभिन्न क्षेत्रों में गायत्री परिवार निरंतर कार्य कर रहा हैं,। गायत्री शक्तिपीठ नीमच से श्री प्रभु लाल धाकड़ ,अशोक धाकड़ दीपक अहीर, अशोक सिंहल ,रमेश प्रजापत आदि ने अपनी सेवाएं समर्पित की,। कार्यक्रम के अंत मैं सब जेल अधिकारी एवं बंदियों ने प्रेरणादाई एवं संगीतमय कार्यक्रम के लिए गायत्री परिवार का आभार व्यक्त किया।

## प्रेमबाई चावड़ा पंचतत्व में विलीन



**नीमच।** नीमच सिटी सरदार मोहल्ला निवासी स्व. रघुनाथसिंह जी चावड़ा की धर्मपत्नी एवं भगवानसिंह की पूज्य माताजी तथा मेघसिंह चावड़ा की ताईजी प्रेमबाई चावड़ा का दिनांक 16 अप्रैल को प्रात: काल 6 बजे देहावसान हो गया। प्रेमबाई धार्मिक, सामाजिक कार्यो में सदैव अग्रणी रहकर सरल स्वभाव एवं मृदुभाषी थी। चावड़ा परिवार की वरिष्ठ माताजी का 85 वर्ष की आयु पूर्ण कर बैकुण्ठ में सिधार गई।उनकी अंतिम यात्रा प्रात: 11:30 बजे सरदार मोहल्ला से निकली जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं रिश्तेदार उपस्थित थे।

इस अवसर पर विधायक दिलीपसिंह जी परिहार लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा एवं जनरलसिंह ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अवैध खनिज उत्खनन के तीन केसों में कलेक्टर ने लगाया जुर्माना

▸ **4 लाख रुपए से अधिक का राजस्व होगा जमा**

**नीमच। कलेक्टर हिमाशु चंद्रा द्वारा अवैध खनिज उत्खन एवं परिवहन के तीन प्रकरणों में कुल 4 लाख 58 हजार 750 रूपये की शास्ति अधिआरोपित की गई है।**

कलेक्टर ने मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अनावेदक अवैध खनिज परिहवनकर्ता वाहन मालिक मदनलाल पिता निर्भय धाकड निवासी रूपारेल बस्ती जावद तहसील जावद जिला नीमच द्वारा मिट्टी का अवैध परिवहन करने पर खनिज रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति राशि 11250 रूपए एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 2 लाख रूपये इस प्रकार कुल 2 लाख 11 हजार 250 रूपए की शास्ति अधिरोपित की हैं।


खनिज अधिकारी को निर्देशित किया है, कि अधिरोपित जुर्माने की राशि 211250 रूपए चालान से 15 दिवस के अन्दर शासकीय कोष में जमा होने पर जप्त शुदा वाहन डम्पर पंजीयन क्र.आर.जे.09जी.बी.3961 को मुक्त करने के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

इसी तरह अनावेदक अवैध उत्खननकर्ता वाहन मालिक मनोहर लाल पिता सुखलाल धाकड़ निवासी अचलावदा तहसील जावद, जिला नीमच द्वारा मिट्टी का अवैध उत्खनन करने पर खनिज रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति राशि 45 हजार रूपए एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 45 हजार रूपये इस प्रकार कुल 90 हजार रूपए की शास्ति अधिरोपित की हैं।

इसी तरह अनावेदक अवैध परिवहनकर्ता वाहन मालिक फुलचंद पिता रघुनाथ अहीर निवासी बावल तहसील जावद, जिला नीमच द्वारा मिट्टी का अवैध उत्खनन करने पर खनिज रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति राशि 78 हजार 750 रूपए एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 78 हजार 750 रूपये इस प्रकार कुल 157500 रूपए की शास्ति अधिरोपित की हैं। खनिज विभाग द्वारा खनिज का अवैध परिवहन एवं उत्खनन पाए जाने पर, प्रकरण पंजीबद्ध कर, कलेक्टर न्यायालय नीमच में प्रस्तुत किए गए थे।

### एक नजर ▸ एसडीएम के समक्ष शिकायत, सीएमओ ने आरोप को बताया गलत

## नगर परिषद कर्मचारी को भूमि आवास के लिए दो पट्टे देने का आरोप



**जावद। स्थानीय रामपुरा दरवाजा बाहर मुख्य चौराहे के पास वार्ड क्रमांक 3 स्थित नगर परिषद कर्मचारी जाकिर पिता बाबू खां पर रामपुरा दरवाजा के ही निवासी तुलसीराम पिता छगनलाल धाकड़ ने आरोप लगाया कि नगर परिषद द्वारा अपने ही कर्मचारी को भूमि आवास हेतु दो पट्टे जारी कर दिए जिसको लेकर मुख्य नगर परिषद अधिकारी द्वारा आरोप को गलत बताया गया है।**

एसडीएम के समक्ष की गई शिकायत जिसमें दर्शाया गया कि रामपुरा दरवाजा बाहर मुख्य चौराहे के पास बावल रोड पर नगर परिषद कर्मचारी जाकिर पिता बाबू खा बस्ती निवासी जावद द्वारा पद का दुरुपयोग करते हुए अवैध निर्माण रास्ता मद की भूमि पर किया जा रहा है जिससे कभी भी बड़ी अप्रिय घटना हो सकती है, जिसको लेकर पूर्व में भी मुख्य नगर परिषद अधिकारी को लिखित में शिकायत पत्र प्रस्तुत किया गया नगर परिषद कर्मचारी होने के कारण संतोष पूर्ण कार्रवाई नहीं की गई और मुख्य सड़क के पास निर्माण कार्य प्रारंभ कर मार्ग अवरुद्ध किया जा रहा है। शिकायतकर्ता द्वारा आरोप लगाया गया कि उक्त कर्मचारी को परिषद द्वारा पूर्व में आवासीय भूखंड हेतु पट्टा जारी किया गया था इसके बावजूद उसकी पत्नी को भी पट्टा जारी कर दिया गया जिससे पट्टे का गलत उपयोग कर मुख्य सड़क के पास अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है एवं उक्त मार्ग अठाना सिंगोली मार्ग होने के कारण यहां से होकर हल्के एवं भारी वाहन निकलते हैं जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। नगर परिषद कर्मचारी द्वारा जो निर्माण कार्य करवाया जा रहा है उस पर रोक लगाकर जारी किए गए समस्त आवासीय पट्टे की जांच करने के साथ उचित कार्रवाई की जाए। उक्त शिकायत पत्र एसडीएम प्रीति संघवी के समक्ष जनसुनवाई के दौरान 8 अप्रैल, एवं मुख्य नगर परिषद अधिकारी जगजीवन शर्मा के समक्ष पिछले वर्ष 27 सितंबर एवं 20 जुलाई 2023 को प्रस्तुत किया गया।

एसडीएम प्रीति संघवी से इस विषय में कल गुरुवार को चर्चा करने का प्रयास किया उनका फोन व्यस्त होने के कारण चर्चा नहीं हुई

मुख नगर परिषद अधिकारी जगजीवन शर्मा ने कहा उक्त निर्माण कार्य को लेकर मुख्य सड़क के पास होने के कारणकुछ लोगों द्वारा शिकायत की गई थी। निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है, एवं एक परिवार में दो सदस्यों को आवास हेतु पट्टा जारी नहीं किया गया है।